BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
First Term Examination (18 September 2025)
CLASS - VIII
PAPER- HINDI (Set - A)

Time:3 hr.

M.M. 80

खंड -क (अपठित बोध)

प्रश्न 1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए (5)

प्राचीन नारी की स्थिति और आधुनिक नारी की स्थिति में बहुत बदलाव आ गया है। द्वापर युग आने से पहले नारियों का समाज में बहुत आदर होता था। इससे पहले नारियाँ पुरुषों के साथ प्रत्येक सामाजिक एवं धार्मिक कार्य में समान रूप से भाग लेने की अधिकारिणी थीं। परंतु द्वापर युग आने पर नारी को अनेक बंधनों में बाँध दिया गया। नारी को गुलाम और भोग्या बनाकर पतन की दिशा की ओर मोड़ दिया गया। फिर एक स्वतंत्रता नामक लहर चली जिसमें नारियों को भी पुरुष की भाँति अधिकार मिलने के आंदोलन चलाए गए। धीरे-धीरे ये आंदोलन रंग लाया और अब प्रत्येक नारी, पुरुष के साथ कंधे-से-कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। नारी की स्थिति में बदलाव लाने में अहम भूमिका थी–नारी शिक्षा का प्रसार अर्थात नारियों का शिक्षित होना। पहले अधिकांश नारियाँ अशिक्षित थीं, जिससे वे अपने अधिकारों को भली-भाँति नहीं समझ पाती थीं और शोषण का शिकार होती थीं। लेकिन सरकार की ओर से लड़कियों की शिक्षा को काफ़ी प्रोत्साहन दिया गया है। आज नारी ने प्रत्येक क्षेत्र में विकास किया है। आधुनिक नारी शक्ति-रूपा बनकर पुरुष को सहयोग दे रही है।

क. द्वापर युग में नारी की दशा में क्या बदलाव आया?

i नारी स्वतंत्र हो गईं, उनका सम्मान बढ़ गया।

ii नारी प्रत्येक कार्य में समान रूप से भाग लेने लगी।

iii नारी को बंधन रूपी जंज़ीर की बेड़ियाँ पहना दी गईं।

iv नारी को सभी बंधनों से मुक्त किया गया।

ख. आंदोलनों का नारियों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा?

i नारी परतंत्र होकर घूमने लगीं।

ii नारी पुरुषों की भाँति आगे बढ़ने लगीं।

iii नारी हर क्षेत्र में पिछड़ने लगीं।

iv नारी शोषण का शिकार होने लगीं।

ग. कथन (A) : पहले अधिकांश नारियाँ शिक्षित थीं।
कारण (R) : नारी को गुलाम और भोग की वस्तु बनाकर पतन की ओर मोड़ दिया गया।
उपर्युक्त कथन और कारण के आधार पर सही विकल्प में ✓ लगाइए।

i कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है लेकिन कारण (R), कथन (A) की गलत व्याख्या करता है।

ii कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

iii कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।

iv कथन (A) सही तथा कारण (R) गलत है।

घ. निम्न में से कौन-कौन-सा कथन सही है। विचार कीजिए–

i आधुनिक नारी की स्थिति में बदलाव आया है।

ii आधुनिक नारी शक्ति बनकर पुरुष का साथ दे रही है।

iii आधुनिक नारी अशिक्षित है।

iv सरकार की तरफ़ से लड़कियों को शिक्षा में कोई योगदान नहीं दिया गया।

I i, ii II i, iii
III i, iv IV iii, iv

ङ. 'रंग लाया' का अभिप्राय है–

i असफलता मिलना।

ii सफलता रूपी प्रभाव पड़ना।

iii असर न होना।

iv बदलाव होने की शुरुआत।

Scanned with OKEN Scanner

(खंड - ख पाठ्य पुस्तक)

प्रश्न 1 - निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं छह शब्दों के अर्थ लिखें :-

समस्या ,निश्चय ,व्यर्थ , खैरियत , पोथी , मिश्रित ,नींव, उतावलेपन (3)

प्रश्न 2- निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं तीन शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करें :-

आकर्षक ,अमूल्य , गतिविधियाँ ,फार्महाउस (3)

प्रश्न 3-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें :-

1) 'हमारा बेटा वापस आ गया ' ये शब्द किसने और क्यों कहे ? 'सच्चा दोस्त' कहानी के आधार पर बताएँ । (1)

2) स्थानीय समाचार पत्र की सुर्ख़ियों में मुख्य विषय क्या था ? 'जादुई बस्ता 'कहानी के आधार पर लिखें । (1)

3) कवि ने सपने की तुलना किससे की है ? कविता 'जीवन नहीं मरा करता ' के आधार पर बताएँ । (1)

4) " मैं तुम्हारी अच्छाई पर विश्वास करता था जो विश्वास मैंने तुम पर रखा था ,वह एक परीक्षा थी , जिसमें तुम आज असफल रहे " 'विश्वास की जीत ' कहानी के आधार पर इस पंक्ति का आशय स्पष्ट करो । (2)

5) ' खोता कुछ भी नहीं यहाँ पर केवल जिल्द बदलती पोथी 'पंक्ति का कविता 'जीवन नहीं मरा करता ' के आधार पर क्या अर्थ है ? (2)

प्रश्न 4 -निम्नलिखितमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें :- (3)

*'आयुष की छोटी सी कोशिश ने बड़े बदलाव की नींव रखी "जादुई बस्ता 'कहानी के आधार पर लिखें ।

अथवा

'सच्चा दोस्त' कहानी से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ? वर्तमान समय में यह कहाँ तक ज़रूरी है ?

प्रश्न 5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखें :- (4)

विश्वास एक ऐसा गुण है जो हमारे जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जाने में मदद करता है। जब हम किसी पर विश्वास करते हैं, तो हम उसके प्रति अपनी आस्था और भरोसा व्यक्त करते हैं। विश्वास के बिना, हमारे रिश्ते और संबंध कमजोर हो जाते हैं। विश्वास एक ऐसा गुण है जो मानव संबंधों को मजबूत करता है। जब हम दूसरों पर विश्वास करते हैं, तो हम उनके साथ अधिक खुले और ईमानदार हो जाते हैं। यह हमें एक-दूसरे के करीब लाता है और हमें एक-दूसरे को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। विश्वास की कमी से अविश्वास, संदेह और अलगाव पैदा होता है। जब हम दूसरों पर विश्वास नहीं करते हैं, तो हम उनके साथ जुड़ने में संकोच करते हैं और उनके साथ सहयोग करने में मुश्किल होती है।

क) आपकी पाठ्यपुस्तक के किस पाठ में उपरोक्त विषय को लिया गया है?

ख) कथन (A) : विश्वास हमें एक दूसरे के क़रीब लाता है।

कारण (R) : विश्वास हमें एक दूसरे को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है।

उपरोक्त कथन और कारण के आधार पर सही विकल्प चुनिए:-

1) कथन (A) सही और कारण(R) ग़लत है।

2) कथन (A) और कारण (R) दोनों ग़लत है।

3) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है।

4) कथन (A) और कारण (R) सही है लेकिन कारण कथन की व्याख्या करता है

ग) विश्वास के बिना हमारे रिश्ते और संबंध कमज़ोर हो जाते हैं , कहानी के किस भाग से यह पता चलता है ?

घ) गद्यांश की अंतिम पंक्ति कहानी में किस प्रकार सार्थक होती है ?

Scanned with OKEN Scanner

(खंड -ग व्याकरण)

1. क) (राम, तुम, सुंदर) विकारी शब्द हैं या अविकारी?
ख) शब्द कब पद बन जाता है ? उदहारण द्वारा बताएँ । (1+1=2)

2. क) चार ऊष्म व्यंजन कौन से होते हैं ? उनके एक -एक शब्द उदाहरण के रूप में लिखें। (1+1=2)
ख) (प्रसाद) शब्द का वर्ण विच्छेद करें ।

3. क) विश्व हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है ? (1+1=2)
ख) (डोंगरी, मलयालम, संस्कृत, नेपाली) में से किस भाषा की लिपि देवनागरी नहीं है?

4. क) **उपसर्ग** लगा कर एक-एक शब्द बनाओ :- अन् , सह (½+½+1=2)
ख) 'पुनर्जन्म' शब्द में से उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग करके लिखें।

5. क) **प्रत्यय** लगाकर एक-एक शब्द बनाएँ :- ईन , वान (½+½+1=2)
ख) 'मिठास 'शब्द में से प्रत्यय तथा मूल शब्द अलग करके लिखें।

6. क) **संधि करो** :- नव + ऊढ़ा , देवी + आदेश (1+2=3)
ख) संधि विच्छेद करो:- परमैश्वर्य, सेवाश्रम

7. क) समास विग्रह करके उसका भेद भी बताएँ:- चरणकमल, थका -हारा (2+1=3)
ख) समस्त पद बनाओ :- अंशु है माला जिसकी, खोना या पाना

8. क) (कंदरा, गुफ़ा, वसुधा) में से कौन सा शब्द 'खोह 'का पर्यायवाची नहीं है? (1+1+1=3)
ख) हर शिष्य को अपने _____का सम्मान करना चाहिए (शिक्षक,गुरु, आचार्य)
(रिक्त स्थान में उचित पर्यायवाची शब्द चुन कर भरें)
ग) **'त्वचा** 'शब्द के कोई दो पर्यायवाची लिखो ।

9. क) मैदानी इलाक़े में वातावरण **(अनुकूल)** होता है परंतु बर्फ़ीले इलाकों में_____होता है।(कोष्ठक में लिखे शब्द का उचित विलोम रिक्त स्थान में भरे) (½+½+2=3)
ख) **(चढ़ाई)**पर साँस फूलने लगती हैं पर_____पर आसानी से उतरा जा सकता है । है। (कोष्ठक में लिखे शब्द का उचित विलोम रिक्त स्थान में भरे)
ग) निम्नलिखित शब्दों के उचित विलोम शब्द लिखे:- ज्ञेय, दरिद्र, अनुज, गुप्त ।

10. क) आज का मनुष्य––अपने बारे में––सोचने लगा है। (रिक्त स्थान में उचित निपात भरें) (1+1+1=3)
ख) उफ़ !आज इतनी गर्मी है। (विस्मयादिबोधक शब्द को रेखांकित करें)
ग) हमारे घर_____ एक पोस्ट आफिस है । (उचित संबंधबोधक शब्द भरें) (2)

11. **रेखांकित पदबंधों के भेद बताएँ:-**
क) **गर्जन करते हुए बादल** बरस रहे हैं ।
ख) **तालाब में तैरता हुआ कुछ** मगर मच्छ भी हो सकता है

12. क) छत पर बंदर उछल कूद मचा रहे थे। (वाक्य में से उद्देश्य तथा विधेय अलग- अलग करके लिखें)
ख) वह दौड़कर गया और ताज़ा जूस ले आया। (रचना के आधार पर वाक्य का भेद बताएँ)
ग) वृक्षों को काटा जा रहा है । (रचना के आधार पर वाक्य का भेद बताएँ)

Scanned with OKEN Scanner

(2+1=3)

13. क) **विराम चिह्न का प्रयोग करके लिखें-**

उन दिनों बच्चे लूडो कैरम सॉप सीढ़ी के साथ साथ कबड्डी खो खो भी खेला करते थे

ख) विराम चिन्हों के नाम बताएँ- (1) ? (2) ' '

(2+2+1=5)

14. क) **निम्नलिखित लोकोक्तियों के अर्थ लिखें :-**

भूख में गुल्लड़ भी पकवान लगते हैं , हाथी के दाँत खाने के और दिखाने के और

ख) **मुहावरों का वाक्य में प्रयोग करें:-**

आसमान सिर पर उठाना , नाक नीची होना

ग) रमेश की नई कार देखकर सुरेश की——— लगा। (रिक्त स्थान में उचित मुहावरा भरें)

(2)

15) क) यमक अलंकार का एक उदाहरण लिखिए ।

ख) बरषत बारिद बूँद गही चाहत चढ़न अकास **अलंकार** का भेद बताएँ ।

(खंड घ रचनात्मक लेखन)

16. कुछ छात्र मना करने के बावजूद स्कूटी या अन्य वाहन लेकर विद्यालय आते हैं ।ऐसे बच्चों की शिकायत करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य जी **को पत्र** लिखिए । (5)

अथवा

आप रमन/ रीमा हैं आपके आज़ाद नगर का डाकिया बहुत झगडालू है और अपने कार्य के प्रति बहुत लापरवाह है। उसके इस व्यवहार की शिकायत करते हुए मुख्य डाकघर के डाकपाल जी को पत्र लिख कर उसके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने का अनुरोध करें ।

17. **संकेत बिन्दुओ के आधार पर लगभग 100 शब्दों में किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें** : (5)

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई) : वरदान या अभिशाप

संकेत बिदु - ए.आई का उपयोग, विवेक को संयम में रखना, अभिशाप, कंप्यूटर प्रणाली, न्यूज एंकर, ए. आई से अलग होना संभव नहीं।

अथवा

सड़क पर बढ़ती तनातनी (रोडरेज): कारण और समाधान

संकेत-बिंदु - छोटी-छोटी बातों पर गुस्से में भर जाने वाला व्यवहार, अपने को दूसरे से बड़ा व ताकतवर समझने की भावना, सहनशीलता व संयम जैसे गुणों की अनदेखी, मारपीट व खूनी लड़ाई जैसे परिणाम, विवेक व संयम से ही समाधान, सहनशील व संयमशील बनने का आह्वान।

Scanned with OKEN Scanner

18. **नीचे दिए गए प्रस्थान बिंदुओं से आरंभ करके लगभग 100 शब्दों में मौलिक लघुकथा लिखिये ।** (4)

गगन एक मेहनती व महत्वाकांक्षी युवक था। उसके पिता जी ने एक कंपनी में छोटी-सी नौकरी करते हुए उसे पढ़ाया था। अपना पेट काटकर उन्होंने उसे बी.ए तक की पढ़ाई करवा दी थी। उसे अपने पिता जी की मेहनत से कमाए गए एक-एक पैसे का ध्यान था। वह परिवार की स्थिति बदलना चाहता था। अब आगे...

अथवा

एक बिलकुल हरे पेड़ को काटने के लिए कुछ लोग कुल्हाड़ियां लिए खड़े हैं ।कल्पना के आधार पर उस पेड़ और उसे काटने के लिए आगे बढ़ रहे आदमी के बीच हुए संवाद 70-80 शब्दों में लिखिए ।

19. गणतंत्र दिवस' के अवसर पर आपकी सोसायटी के पार्क में ध्वजारोहण और खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सोसायटी सचिव की ओर से इस जानकारी को लोगों तक पहुँचाने के लिए लगभग 60 शब्दों में एक **सूचना** तैयार कीजिए। (3)

अथवा

नीचे दिये गए **चित्र** को देखकर उसके बारे में 70-80 शब्दों में लिखें:-

Scanned with OKEN Scanner